हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 23 देहरादून, मंगलवार, 11 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



हरीश लड़े या हरक सिंह, भाजपा को इससे कोई वास्ता नहीं : कौशिक 3

# हरिद्वार में अब तक 89 लाख भक्तों ने भरा जल, हरकी पैड़ी पर पैर रखने की जगह नहीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 11 जुलाई : बारिश में भी भोले के भक्तों का उत्साह चरम पर है। कांवड़ मेले के छठे दिन हरिद्वार पहुंचे 32 लाख 40 हजार कांवड़िये हर की पौड़ी से गंगाजल भरकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। कांवड़ मेला अपने चरम पर पहुंच गया है। भारी बारिश के बीच भी हर-हर महादेव, बोल बम, के उद्घोष के साथ लगातार कांवड़िये गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। पंचक के बीच लाखों कांवड़िये रोजाना गंगाजल भरकर ले जा रहे हैं। पहले दिन एक लाख 10 हजार, दूसरे दिन 8 लाख 50 लाख, तीसरे 10 लाख 50 हजार, चौथे दिन 15 लाख 20 हजार पांचवे दिन 22 लाख 25 हजार कांवड़ियों ने गंगाजल जल भरा था।एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कांवड़ मेले के छठे दिन छह बजे तक 32 लाख 40 हजार शिवभक्तों ने गंगाजल भरा है।

अब तक 89 लाख 95 हजार कांवड़िये गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। गंगा में डूब रहे तीन कांवड़ियों को जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने बचाया। कांवड़ मेला चरम पर पहुंचने के साथ ही कांवड़ियों की भीड़ तेजी से बढ़ते ही नहर पटरी पर शिव भक्तों की संख्या घट गई है। हाईवे पर कांवड़ियों का रेला पहुंचने लगा है। डाक कांवड़ियों के वाहनों के साथ ही भारी संख्या में पैदल भी शिवभक्त गंगाजल लेकर हाईवे से होकर गुजर रहे हैं।

पुलिस ने हाईवे पर वनवे व्यवस्था कर कांवड़ियों के लिए एक साइड आरक्षित कर दी है, लेकिन भीड़ को देखते हुए बीच-बीच में इस व्यवस्था में बदलाव भी किया जा रहा है। कांवड़ मेले में रोजाना लाखों कांवड़िये हरिद्वार पहुंच रहे हैं। बीते दिन देर रात पुलिस ने हाईवे पर वनवे व्यवस्था करते हुए दिल्ली जाने वाले मार्ग पर एक साइड कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दी। फिर सुबह भीड़ बढ़ने के कारण जाम लगा तो फिर व्यवस्था बदल दी गई। फिर अगले दिन इसी तरह वनवे हुआ और फिर बदलाव कर दिया गया।



## मुख्यमंत्री धामी की अपील, मौसम का रुख देखकर करें यात्रा, 13 जुलाई तक रेड अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 11 जुलाई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में भारी बरसात और ओलावृष्टि को देखते हुए उत्तराखंड आ रहे लोगों से बेहद सतर्कता बरतने की अपील की है। इस संबंध में मीडिया और अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो संदेश जारी कर सीएम धामी ने आपदा प्रबंधन विभाग और अन्य लाइन विभागों को भी अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक रेड अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

इस दौरान कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन और संचार के दूसरे साधनों को दुरूस्त रखे।उन्होंने कहा कि पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव एवं भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। पूरा प्रशासनिक अमला युद्धस्तर पर इससे निपटने में जुटा है। जो भी लोग उत्तराखंड आने के कार्यक्रम बना रहे हैं, मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट को ध्यान में रखते हुए तय करें। वहीं 15 जुलाई जब तक कांवड़ यात्रा समाप्त नहीं हो जाती, तब तक प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहेगा।



## बच्चे देश का भविष्य, सुरक्षा देना परिवार व समाज की जिम्मेदारी : रेखा आर्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने ऑनलाइन सेवाओं व इंटरनेट के अत्याधिक उपयोग से बच्चों के ऑनलाइन शोषण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा करना परिवार व समाज की जिम्मेदारी है।

प्रिंस चौक स्थित होटल सिद्धार्थ में एक दिनी ऑनलाइन बाल यौन शोषण व उससे सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि रेखा आर्य ने कहा कि एक देश के रूप में हमें बच्चों के विरुद्ध हिंसा और यौन उत्पीडन के प्रति शून्य सहनशीलता की अवधारणा विकसित करनी होगी। बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल देने के लिए सभी संस्थाओं व समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों को एकजुट होना होगा। आज जिस प्रकार से तकनीक का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है, भले ही वह लाभदायक है लेकिन बच्चो में कहीं न कहीं उसका दुष्परिणाम भी दिख रहे हैं। ऐसी कार्यशालाएं जागरुकता के लिए जरूरी हैं। अन्य वक्ताओं ने भी ऑनलाइन बाल यौन शोषण और उससे बच्चों पर पडने वाले दुष्प्रभावों पर विचार रखे। डीजीपी अशोक कुमार ने ऑनलाइन बाल यौन शोषण पर आम जनता व पुलिस को समान रुप से सतर्क रहने व किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करने का सुझाव दिया।

डीआईजी लॉ एंड आर्डर पी रेणुका ने पोक्सों धाराओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी उत्तराखंड अनिल रतूड़ी, पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश ओपी सिंह, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ.गीता खन्ना, आयोग सदस्य दीपक गुलाटी, सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास हरीश चंद सेमवाल, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, डीएसपी साइबर एक्सर्ट अंकुश मिश्रा समेत पुलिस अधिकारी, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रावण मास के पहले सोमवार को मंदिरों में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। सावन मास के पहले ही सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पहले सामूहिक रुद्राभिषेक के लिए मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना मांगते हुए अपने परिवार व विश्व कल्याण के लिए मंदिरों में पूरा दिन जलाभिषेक किया।

टपकेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर सेवादल ने जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के लिए जल की विशेष व्यवस्था की। मंदिर में तडक़े से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवादल की सदस्य जगह जगह पर तैनात थे। लोग परिवार समेत जल चढ़ाने के लिए प्रतिक्षा करते नजर आए। मंदिर के बाहर बेलपत्री व पूजन सामग्री के अनेक स्टॉल भी लगे हुए थे। देर शाम को टपकेश्वर महादेव जी का विशेष श्रृंगार पूजन किया गया। श्रीमहंत किशनगिरी महाराज ने सभी को सावन मास की शुभकामनाएं दी। वहीं पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में हरिद्वार से लाए पवित्र गंगा जल, दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत इत्यादि से रुद्री पाठ और वैदिक मंत्रोचार के साथ सेवादल व श्रद्धालुओं ने प्रथम सामूहिक रुद्राभिषेक किया। प्रदेश में आ रही आपदाओं की शांति के लिए विशेष पूजन हुआ। रुद्राभिषेक के पश्चात मंदिर आने वाले सभी भक्तों को 51 किलो दूध से बनी खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया। हरिद्वार से लाया गया पवित्र गंगाजल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए दिया गया। पृथ्वीनाथ महादेव गर्भ गृह में विराजमान श्री पृथ्वीनाथ का पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। सामूहिक आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर दिगंबर दिनेश पुरी, दिगंबर भागवत पुरी, राजेंद्र आनंद, श्रृंगार संयोजक प्रवीन बंसल, रजनीश यादव, नवीन गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, सुनील गोयल, विक्की गोयल, दिलीप सैनी, दीपक मित्तल, अमित गोयल, संजय गर्ग आदि उपस्थित रहे। रायपुर स्थित शिव मंदिर, दिलाराम राधाकृष्ण मंदिर, हाथीबडक़ला काली माता मंदिर, राजपुर स्थित शिव बावड़ी, धर्मपुर प्राचीन शिव मंदिर, बंजारावाला शिव मंदिर, डाकरा स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजाएं व शिवलिंग पर जलाभिषेक का क्रम दिन भर चलता रहा। सभी मंदिरों में कांवड़ियों के जलाभिषेक के लिए लाइन में लगने की बाध्यता नहीं थी। मंदिर सेवादल के लोग उन्हें मंदिर में प्रवेश में मदद करते दिखे।

## 150 घंटे बाद भी नहीं खुल सका पूर्णागिरि मार्ग

चम्पावत। बाटनागाड़ में भारी मात्रा में एकत्र हुए मलबे और बोल्डर को 150 घंटे बाद भी नहीं हटाया जा सका है। इससे पूर्णागिरि मार्ग में यातायात पूरी तरह से बंद है। रुक-रुक कर हो रही बारिश मलबा हटाने में बाधा बन रही है। डीएम के निर्देश के बाद रात भर मशीन के जरिए मार्ग को सुचारु किए जाने का नाकाम प्रयास जारी रहा। मंदिर समिति अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि बारिश के बाद बाटनागाड़ में एकत्र हुए मलबे को सातवें दिन भी नहीं हटाया जा सका। माता के दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं को ककराली गेट से ही वापस लौटा दिया जा रहा है। बताया कि श्यामलाताल की पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन से लगातार मलबा आ रहा है। बीते मंगलवार तडक़े से इस मार्ग में वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद है।

# क्या है माइक्रो चीटिंग जो बना रही है रिश्तों में दूरियां ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : किसी भी रिश्ते को बनाना जितना मुश्किल होता है, उसे निभाना उससे भी ज्यादा कठिन होता है। रिश्ते कांच की तरह नाजुक होते हैं, जो छोटी-सी गलतफहमी और लापरवाही से टूट सकते हैं। इन दिनों लगातार कई ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जहां वर्षों पुराने रिश्ते भी टूटते नजर आ रहे हैं। किसी भी रिश्ते को बनाए रखने के लिए उसमें न सिर्फ प्यार जरूरी होता है, बल्कि विश्वास और सम्मान की बेहद अहम होता है। हालांकि, इन दिनों लोगों की बदलती पसंद और आदतों का असर रिश्तो पर भी दिखाई देने लगा है।

आजकल कई रिश्तो में माइक्रो चीटिंग देखने को मिल रही है। आप में से कई लोगों ने शायद ही इसके बारे में सुना या पढ़ा होगा। दरअसल, यह एक तरह का धोखा ही होता है, लेकिन इसके बारे में कम जानकारी होने की वजह से लोग आसानी से इसकी पहचान नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अक्सर व्यक्ति को इस बात का पता भी नहीं चलता कि वह जाने अनजाने में अपने पार्टनर के साथ माइक्रो चैटिंग कर रहा है। अगर आप भी इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं, तो ये आर्टिकल आपके लिए मददगार साबित होगा।

इन दिनों हर कोई अपना ज्यादातर समय घर से ज्यादा बाहर या ऑफिस में गुजार रहा है। ऐसे में जाने-अनजाने हम कई बार किसी दूसरे व्यक्ति के इतने करीब आ जाते हैं कि उससे अपने जीवन की सभी छोटी-बड़ी बातें डिस्कस करने लगते हैं। अगर आप भी किसी व्यक्ति के साथ इसी तरह की चीजें साझा कर रहे हैं, तो यह माइक्रो चीटिंग कहलाती है। माइक्रो चीटिंग की वजह से बना यह रिश्ता इमोशनल बॉन्डिंग से लेकर शारीरिक संबंधों तक पहुंच सकता है, जिसका असर आपके असल रिलेशन पर धीरे-धीरे नजर आने लगता है। अगर आपको भी अपने रिलेशन में यह संकेत नजर आ रहे हैं, तो यह माइक्रो चीटिंग की सकती है-अगर आप एक रिश्ते में हैं और अचानक ही आपके और आपके पार्टनर के बीच झगड़े बढ़ते जा रहे हैं, तो यह माइक्रो चीटिंग की वजह से हो सकता है। दरअसल, किसी अन्य से बढ़ती नजदीकियों की वजह से आप अपने कमिटेड पार्टनर से दूर होने लगते , जिसकी वजह से छोटी-छोटी बातों पर भी झगड़े होने लगते हैं। अगर आप अपने रिलेशन में माइक्रो चीटिंग की पहचान करना चाहते हैं तो इस का सबसे आसान तरीका है अपने पार्टनर की एक्टिविटी इस पर ध्यान देना। अगर आपका पार्टनर दिन भर चैट या कॉल पर बिजी रहता है, तो यह संकेत है कि वह आपके साथ माइक्रो चीटिंग कर रहा है। अगर आपका पार्टनर आपके साथ माइक्रो चीटिंग कर रहा है ,तो वह किसी भी खास इवेंट या जगह पर आपके साथ जाना पसंद नहीं करेगा। अगर आपका पार्टनर भी इन दिनों ऐसा ही कुछ कर रहा है, तो यह इशारा है कि उनकी नजदीकियां किसी और से बढ़ने लगी है और वह आपको धोखा दे रहे हैं।



ऐसे लोग जो किसी रिलेशन में माइक्रो चैटिंग कर रहे होते हैं, वह अक्सर अपने एक्स को सोशल मीडिया पर स्टॉक करते हैं। इतना ही नहीं वह बार-बार उनसे संपर्क करने की भी कोशिश करते हैं। अगर आपका पार्टनर भी ऐसा ही कुछ कर रहा है, तो यह संकेत है कि वह अपने एक्स से अभी भी भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। अगर आप किसी रिश्ते में हैं और फिर भी आपके मोबाइल पर डेटिंग एप्स हैं, तो यह भी माइक्रो चीटिंग के संकेत हो सकते हैं। आमतौर पर कमिटमेंट के बाद लोग डेटिंग एप्स आदि से दूरी बना लेते हैं, लेकिन रिलेशन में होने के बाद भी इन एप्स का इस्तेमाल माइक्रो चीटिंग की तरफ इशारा करता है।

# लखनऊ के इस चाँदी के पान की कीमत जानकर आप भी हो जायेंगे हैरान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : नवाबों के शहर लखनऊ में सबसे महंगा पान मिल रहा है. इसकी कीमत इतनी है कि ब्रांडेड जूते और ब्रांडेड चश्मा खरीदा जा सकता है. इस पान का नाम है गोल्ड पान. खास तरह के इस पान के अंदर चांदी, तो बाहर सोना होता है. सोने के ऊपर लगा हुआ केसर इसके स्वाद को और कई गुना बढ़ा देता है. इस पान की चर्चा इन दिनों लखनऊ में खूब हो रही है. इस पान को बनाया है मास्टर संजय कुमार चौरसिया ने. उन्होंने कोरोना काल में अपने कैटरिंग के धंधे के ठप पड़ जाने के बाद कुछ नया प्रयोग करने के बारे में सोचा और बना डाला गोल्ड पान. इस खास की कीमत 999 रुपये है.

इस शाही गोल्ड पान को बनाने में आधा घंटा लगता है. इसके ऊपर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ी हुई है. सोना-चांदी और केसर के स्वाद के साथ जब यह पान खाने वाले के पेट में जाता है तो पाचन क्रिया को मजबूत करने के साथ-साथ यह बेहतरीन माउथ फ्रेशनर का भी काम करता है. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना चौराहा स्थित राष्ट्रीय पान दरबार में आपको यह विशेष पान खाने के लिए मिलेगा. यहां के मालिक संजय ने बताया कि 27 सितंबर, 2022 में उन्होंने यहां इस दुकान की शुरुआत की थी. अब गोल्ड पान का स्वाद लखनऊ के लोगों की जुबान पर चढ़ चुका है. इसका स्वाद लोगों को पसंद आ रहा है. यही वजह है कि बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी इस पान को शौक से खा रहे हैं. महिलाओं और लड़कियों को भी यह पसंद आ रहा है.



# साउथ इंडियन लड़कियों की तरह चाहिए काले, लंबे और घने बाल, तो आजमाएं ये टिप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : दक्षिण भारत की लड़कियों के काले, घने और लंबे बाल के सभी दीवाने हैं. उनके जैसे बाल पाने की चाहत हर लड़की की होती है. ऐसे में हम यहां पर साउथ इंडियन गर्ल्स की सीक्रेट हेयर रेमेडी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसको अपना लेने से एक महीने के अंदर बाल में जबरदस्त बदलाव नजर आने शुरू हो जाएंगे, तो आइए आपको बताते हैं,

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 01 चम्मच शीशम बीज, 01 चम्मच मेथी बीज और 15 से 16 करी पत्ते चाहिए. अब आप इन सभी सामग्रियों को एक मिक्सर ग्राइंडर में पीस लीजिए. फिर एक छोटे प्लास्टिक कंटेनर में इस मिश्रण को पलट दीजिए. इसके बाद इसमें नारियल का तेल मिक्स कर लीजिए. अंत में आप इस कंटेनर को 3 दिन के लिए धूप में रख दीजिए इसके बाद हर 3 दिन पर बाल धोने से 3 घंटे पहले इस तेल को लगा लीजिए. इस नुस्खे को अपनाने से आपके बाल को मजबूती तो मिलेगी साथ ही ये काले घने और लंबे भी होंगे. वहीं, आंवले के पानी से बाल धोने या फिर इसके पेस्ट को हेयर मास्क की तरह लगा लेने से बाल काले होते हैं. इसके विटामिन सी गुण बाल और स्किन दोनों के लिए अच्छे होते हैं. इसमें आयरन की भी मात्रा भरपूर होती है जो हेयर हेल्थ के लिए अच्छी मानी जाती है.



# बारिश के चलते जौनसार क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के चलते क्षेत्र के 38 मोटर मार्ग पर मलबा आने से यातायात बाधित हो गई है। कई गांवों का संपर्क मार्ग टूट गया है। चकराता और आसपास के क्षेत्रों में बारिश के चलते मलबा आ जाने से क्षेत्र के दो राष्ट्रीय राजमार्ग, पांच राज्य मार्गों के साथ 31 ग्रामीण मोटर मार्ग यातायात के लिए बाधित रहे। बारिश के बाद मलबा आने से राष्ट्रीय राजमार्ग 72 बी फेडीज से सनेल के बीच, राष्ट्रीय राजमार्ग 707 ए लखवा? बैंड के पास बंद हो गया। जबकि राज्य मार्गों में चकराता-लाखामण्डल मार्ग चार जगह पर, दारागाड-कथियान-त्यूणी मार्ग तीन जगह पर बंद हो गया। सहिया-कवानु, हरिपुर-इछा?ी, कवानु-मीनस, मीनस-अटाल मोटर मार्ग के साथ 31 ग्रामीण मार्ग भी यातायात के लिए, बाधित रहे। इन सभी मार्गो के बाधित होने के कारण न लोगों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई। लोग अत्यंत आवश्यक कार्यो के लिए लंबी पैदल दूरी तय कर निकटवर्ती चकराता, कालसी, सहिया बाजार पहुंचे।

50 किमी की अतिरिक्त दूरी तय कर अस्पताल पहुंची प्रसूता

सोमवार सुबह सात बजे ब्लाक के बुरास्वा गांव की एक महिला को प्रसव पी?ा हुई। जिसे परिजन निजी वाहन से उसे चकराता लेकर आ रहे थे। लेकिन पीआरडी मोटर मार्ग के बंद होने से वह महिला को चकराता नहीं पहुंचा पाए। जिसके बाद 50 किमी की अतिरिक्त दूरी तयकर वाया डामटा होते हुए प्रसूता महिला को उप जिला चिकित्सालय विकासनगर पहुंचाया गया। वहीं, चकराता पीआरडी मार्ग के बंद होने से पाटी गांव निवासी चमन सिंह आवश्यक दवा लेने लगभग सात किमी पैदल चलकर चकराता पहुंचे। उन्होंने बताया की पिता की शूगर की दवा समाप्त हो गयी थी। जिसको लेने वह पैदल बाजार तक आए। आठ परिवारों को सुरक्षित जगह पहुंचायाः नराया गांव में भू धंसाव की जद में आए चार मकानों में रहने वाले परिवारों को पशु चिकित्सालय के भवन में शिफ्ट किया गया है। जबकि चंदेऊ गांव के दो परिवारों को खमरोली गांव में शिफ्ट किया गया है।

> बंद मार्गों को खुलवाने के लिए सभी संबंधित विभाग प्रयासरत हैं। बारिश के कारण हो रहे नुकसान पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी राजस्व निरीक्षकों, ग्राम प्रहरियों, राजस्व कर्मियों को अपने अपने क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए हैं। एसडीआरएफ, पुलिस को सतर्क रखा गया है।
>
> -युक्ता मिश्रा, एसडीएम

# हरीश लड़े या हरक सिंह, भाजपा को इससे कोई वास्ता नहीं : कौशिक



देहरादून। सोमवार को बार्लोगंज में एक कार्यक्रम में शामिल होने आये भाजपा प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है, जिसमें यूसीसी पर सरकार ने कदम आगे बढ़ाए हैं। सरकारी संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री परिषद में शामिल होने पर कहा कि मंत्री पद पर कई बार रह चुके हैं, बाकी जो निर्णय हाईकमान का होगा उसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिए प्रदेश सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर की है, इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ता, धार्मिक तथा सामाजिक संगठन दिन-रात व्यवस्था करने में लगे हुए हैं।

स्वयं मुख्यमंत्री भी इसकी निगरानी कर रहे हैं। कांग्रेस को लेकर मदन कौशिक ने कहा कि उनकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। हरिद्वार लोक सभा सीट पर हरीश रावत के लडने पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का मामला है कि हरीश रावत लड़े या हरक सिंह रावत, भाजपा को इससे कोई वास्ता नही है। जिस तरह भाजपा 2014 व 19 में बड़े मार्जन से जीती है और 2024 उससे भी बड़े मार्जन से जीतेगी। कांग्रेस के लिए कोई स्थान खाली नही है। इससे पूर्व भाजपा मूसरी मंडल ने मदन कौशिक का मसूरी पहुंचने पर गुलदस्ता देकर व शॉल भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा मसूरी मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, पूर्व पालिका अध्यक्ष ओपी उनियाल, मोहन पेटवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता कुमाई, पालिका सभासद अरविंद सेमवाल भाजपा महामंत्री कुशाल सिंह राणा मीरा सुयाल विजय रमोला, आदि मौजूद रहे ।

## फिल्मों के साथ वेब सीरीज को भी सब्सिडी दे सरकार

देहरादून। फिल्म कलाकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से उत्तराखंड में फिल्मों के साथ वेब सीरीज की शूटिंग को भी सब्सिडी देने की मांग की। केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष व प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी ने उत्तराखंड में सांस्कृतिक केंद्र के साथ ही रिसर्च सेंटर बनाने का भी सुझाव दिया। सीएम आवास में सोमवार को मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात के दौरान फिल्म कलाकारों ने कहा कि राज्य में वेब सीरीज को सब्सिडी देने से यहां फिल्म जगत से जुड़े लोगों का और आकर्षण बढ़ेगा। सेंसर बोर्ड अध्यक्ष प्रसून जोशी ने देहरादून में सांस्कृतिक केंद्र शुरू करने को मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शूटिंग को फिल्मकारों का रुझान तेजी से बढ़ा है। यहां सांस्कृतिक केंद्र के साथ ही रिसर्च सेंटर भी तैयार किया जाए। देहरादून में बनाए गए सांस्कृतिक केंद्र में लिटरेचर फेस्टिवल के साथ वर्कशॉप का आयोजन भी किया जा सकता है। कहा कि उत्तराखंड पर आधारित विभिन्न कहानियों और यहां की कला संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की दिशा में भी प्रयास करने होंगे। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड का नैसर्गिक सौन्दर्य फिल्मकारों को देवभूमि आने को आकर्षित कर रहा है। राज्य में शूटिंग को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। फिल्म जगत से जुड़े लोगों के जो भी सुझाव प्राप्त होते हैं, उन सुझावों को पूरी गंभीरता से लिया जाता है। इस अवसर पर कला एवं साहित्य क्षेत्र से जुड़े सुधीर पाण्डे, शालिनी शाह, प्रवीन काला, अमित जोशी, राजेश शाह, वरूण ढौंढियाल, गौरव मौजूद रहे। सीएम ने सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया।

## भारतीय मजदूर संघ के विस्तार व मजबूती को लेकर चर्चा

देहरादून। भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को रायपुर स्थित डील संस्थान में हुई। जिसमें संघ के निचले स्तर पर विस्तार और विभिन्न सरकारी व गैर सरकररी संगठनों के कर्मचारियों व मजदूरों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिपाल ने बताया कि बैठक में प्रदेश के औद्योगिक संस्थानों में कर्मचारियों की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा संगठित क्षेत्र के उद्योगों टीएचडीसी, ओएनजीसी, रेलवे, सरकारी कर्मचारी और असंगठित क्षेत्रों के आंगनबाड़ी, आशा, आशा फैसिलिटेटर, एनएचएम, भवन निर्माण मजूदर आदि महासंघों के संगठन कार्य विस्तार को लेकर चर्चा हुई। भारतीय मजदूर संघ के 23 जुलाई को होने वाले स्थापना दिवस, 28 अगस्त को पर्यावरण दिवस, 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस व विश्वकर्मा जयंती को राज्य में भव्य रूप में मनाने को लेकर भी चर्चा हुई। संघ के अगले वर्ष फरवरी में होने वाले प्रदेश अधिवेशन की तैयारी को लेकर भी कार्य योजना बनाई गई। ये भी तय किया गया कि संघ मजदूरों की समस्याओं को लेकर जल्द ही सीएम पुष्कर धामी से मिलेगा।

बैठक में भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्र संगठन मंत्री अनुपम,प्रदेश महामंत्री शेखरानंद पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव विश्नोई, उपाध्यक्ष सुनील मेहता, अवनीश कांत, प्रदेश मंत्री सुमित सिंघल, दीपक अलमिया, गंगा गुप्ता, कोषाध्यक्ष आदर्श सकलानी, जिलाध्यक्ष अजय कांत शर्मा, जिला मंत्री पदमसिंह धमांदा और कार्यालय मंत्री राम चंद्र खंडूरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ निनाद का समापन

देहरादून। हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित निनाद उत्सव के समापन दिवस पर रंगशाला में विभिन्न कार्यक्रम हुए। शुभारंभ सिने जगत के अभिनेता सुधीर पांडे, सचिव संस्कृति हरीश चंद सेमवाल, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट, अखिल गढ़वाल सभा के अध्यक्ष रोशन धस्माना ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ,अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। अल्मोड़ा की लोक गायिका कमला देवी व साथियों ने मांगल गीत गाए। सांस्कृतिक कला मंच समिति ग्राम नारंगी चमोली के कलाकारों ने ढोल-दमाऊं, मशकबीन वादन किया। छोलिया दल अल्मोड़ा ने छोलिया नृत्य किया। आशु कला समिति कोटद्वार ने पारंपरिक लोकगीत, लोक नृत्य दिखाए। कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान समिति खुरपाताल नैनीताल ने कुमाऊंनी झोड़ा नृत्य, देव चेतना कला मंच समिति सहिया देहरादून ने जौनसारी क्षेत्र के गीतों की प्रस्तुति दी। असम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल के सांस्कृतिक दलों ने बाऊल, कालबेलिया, बिहू नृत्य किए। निदेशक संस्कृति बीना भट्ट ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। उत्सव में सहयोग के लिए गणेश धामी, पुस्तक प्रदर्शनी के लिए रानू बिष्ट, ऐपण के लिए दीपा शर्मा, संग्रहालय में कलाकृतियां संयोजन के लिए अक्षत जोशी को सचिव संस्कृति हरीश चंद सेमवाल ने सम्मानित किया। वहीं सिने जगत में सक्रिय उत्तराखंड मूल के निर्देशकों में पंकज रायकुनी, अभय डालाकोटी व बाल शोषण पर संजय खंडूड़ी की फिल्म को दिखाया गया। अभिनेता सतीश शर्मा, करण थपलियाल ने भी मौजूदगी दर्ज करवाई। संयोजन शालिनी शाह ने किया।

## पछुवादून क्षेत्र में बिजली-पानी की आपूर्ति प्रभावित

विकासनगर। एक तरफ जहां लगातार मूसलाधार बारिश के कारण पूरे पछुवादून क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं दूसरी तरफ सुबह से शाम तक पूरे पछुवादून क्षेत्र में ऊर्जा निगम द्वारा लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। जिसके चलते लोगों को तमाम तरह की परेशानियां हो रही है। क्षेत्र के विकासनगर से लेकर हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, बरोटीवाला, जीवनगढ, डाकपत्थर ढकरानी सहित आसपास के चार सौ से अधिक गांवों में सुबह से लेकर देर रात तक बिजली कटौती की जा रही है। सेलाकुई में सुबह आठ बजे से नौ बजे तक, उसके बाद दोपहर में एक बजे से तीन बजे तक बिजली गुल रही। वहीं हरबर्टपुर में भी सुबह से लेकर देर शाम तक दो बार एक एक घंटे के लिए बिजली की आपूर्ति बंद रही। विकासनगर बाजार में भी दो घंटे में आधे घंटे के लिए बिजली गुल रही। यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा। जहां बिजली दिनभर आती जाती रही। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार का कहना है कि भारी बरसात के कारण लगातार लाइनों में फॉल्ट आने से बिजली की आपूर्ति में दिक्कतें आ रही है। कर्मचारी लगातार मरम्मत कार्यों में लगे हैं। फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति सुचारु की जा रही है।

## मारपीट, जान से मारने की धमकी व एससी एसटी एक्ट में दो लोगों पर केस दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुल नंबर एक के समीप दो लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। जिस पर युवक ने इन दोनों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली विकासनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। संदीप पुत्र भगतराम निवासी पुल नंबर एक ने पुलिस को तहरीर दी।

तहरीर में बताया कि वह दिन में स्कूटर पर सवार होकर खाना खाने अपने घर जा रहा था। तभी पुल नंबर एक के पास कार सवार साहिल व राजा मलिक पहुंच गये। दोनों ने उसे जौनसारी कहकर गाली गलौज दी। उसके बाद दोनों कार से उतरे और उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसे जाति सूचक शब्द कहकर गालियां दी। जान से मारने की धमकी दी। उसके गले की चांदी की चेन भी तोड दी। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षकों ने नवनिर्वाचित प्रांतीय कोषाध्यक्ष का किया स्वागत

विकासनगर। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष चुने गये विकासनगर के शिक्षक लक्ष्मण सिंह सजवाण का विकासनगर पहुंचने पर ब्लॉक कार्यकारिणी व बरोटीवाला शिक्षक संघ इकाई ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षकों ने कहा कि सजवाण के प्रांतीय कार्यकारिणी में चुने जाने से पछुवादून व जौनसार बावर तक के शिक्षकों के हितों की रक्षा के साथ साथ समस्याओं का निराकरण हो सकेगा। राइंका बरोटीवाला में आयोजित कार्यक्र का संचालन करते हुए शिक्षक अभिषेक दीक्षित ने कहा कि सजवाण ने पछुवादून का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की व शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. कुलवंत ने व डॉ. शक्ति शर्मा ने कहा कि सजवाण एक कर्मठ एवं शिक्षक के साथ-साथ समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं। मौके पर शिक्षक सुनील कुमार, तेजवीर सिंह मलिक, चंडी प्रसाद नौटियाल, किशन दत्त सेमल्टी, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कांति, जनपद उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह रावत,क मनु भारद्वाज, गोविंद सिंह चौहान, प्रधानाचार्य रघुराज सिंह, जय सिंह चौहान, पूर्णिमा, दीपा दानू, अमिता देवी, वीरेंद्र सिंह, जयपालसिंह, मनोज उनियाल, हरि प्रसाद चौधरी आदि मौजूद रहे।

### हिमालयन एकोज ने किया लाखामंडल में पौधरोपण कार्यक्रम

विकासनगर। हिमालयन एकोज ने हरेला माह के तहत लाखामंडल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संस्था के द्वारा जगह-जगह पौधे रोपते हुए पर्यावरण का संदेश दिया गया। सभी को पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया। संस्था के संरक्षक दीपक नागलिया ने इसका शुभारंभ किया। कहा कि बरसात के मौसम में यहां हरेला के नाम से पौधरोपण की एक अनूठी परंपरा है। जिसमें राज्य सरकार, अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं और आम जनता भागीदारी करती है। संस्था की सचिव हरितिका ने विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्रों का महाभारत ऐतिहासिक स्थल लाखामंडल के आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान वेदिकवेद, हीरा सिंह नेगी, शेर सिंह राणा, सतीश, सोनाली सेमवाल, प्रीती त्रिपाठी, निकिता, सोनाली पंवार, अनिल रावत, सौम्या आदि मौजूद रहे।

### दूसरे दिन भी बिजली उत्पादन ठप

विकासनगर। यमुना व टौंस नदी का जल स्तर के साथ ही सिल्ट की मात्रा बढने से नवनिर्मित व्यासी बांध परियोजना समेत पछुवादून के पांच जल विद्युत परियोजनाओं से दूसरे दिन भी बिजली उत्पादन ठप रहा। उत्पादन ठप होने से ऊर्जा निगम को झटका लगा है। पिछले तीन दिनों से पहाड़ी क्षेत्र जौनसार बावर, यमुनोत्री की पहाडियों व मैदानी क्षेत्र पछुवादून में मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के चलते जहां यमुना व टौंस नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। वहीं पहाडयों से हो रहे भूस्खलन के कारण लोगों को तमाम तरह की परेशानियां हो रही है। लगातार हो रही बारिश के बीच नदियों में सिल्ट की मात्रा बढ़ गयी है। डाकपत्थर बैराज में यमुना व टौंस नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। एक सौ बीस मेगावाट की व्यासी बांध परियोजना में रविवार रात बारह बजे से उत्पादन बंद है। जबकि छिबरों, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर बांध परियोजनाओं से रविवार सुबह चार बजे से उत्पादन बंद है। आसन नदी से निकलने वाले पानी से एकमात्र कुल्हाल बांध परियोजना से विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।

### हरेला पर आपके मौहल्ले में पहुंचेगी धाद के पर्यावरण प्रहरियों की टीम

देहरादून। हरेला पर्व पर धाद संस्था के पर्यावरण प्रहरी दून में आपके मौहल्लों में पहुंचकर कॉलोनियों में खाली पड़ी जगहों पर पौधरोपण करेगी। यह धाद संस्था का हरेला अभियान से इतर कार्यक्रम होगा। मुख्य कार्यक्रम में धाद हरियाली बचाने व उसे संवारने के लिए मालदेवता के स्मृति वन के रुप में किया जा रहा है। स्मृतिवन के साथ ही शहरी क्षेत्र में बाल वन, मित्रवन, पुष्पवन जैसी योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। धाद सचिव तन्मय ममगाईं ने बताया कि कॉलोनी में चलने वाले अभियान के लिए टीमों की भूमिका तय की गई है। दिनों दिन बढ़ती इमारतें व कम होती हरियाली के बीच मौहल्ले, कॉलोनियों में पौधरोपण का अभियान जरुरी है। यह अभियान 16 जुलाई से 17 अगस्त तक हरेला के मौके पर चलेगा। विभिन्न आवासीय सोसाइटियों से भी सम्पर्क साधा गया है। धाद संस्था इसके साथ ही हिमालयी खान पान को दैनिक व्यवहार में शामिल करने व राज्य के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सामूहिकता से काम कर रही है। सोशल मीडिया व हर उपलब्ध मंच से लोगों को अभियान से जोडने के लिए धाद( पुकार )लगाई जा रही है।

### धर्मपुर विधायक ने किया केदारपुर और बंजारावाला वार्ड में जल भराव का निरीक्षण

देहरादून। धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने सोमवार को केदारपुर और बंजारावाला वार्ड में जल भराव को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने यहां एडीबी की ओर से धीमे कामों पर नाराजगी जतायी। उन्होंने अधिकारियों को तेजी से काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक ने एडीबी,जल संस्थान,सिंचाई और नगर निगम के अधिकारियों के साथ कुंज विहार, भागीरथीपुरम, बंजारावाला मुख्य मार्ग, राणा कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, लक्ष्य एनक्लेव, मोनाल एनक्लेव, और आज़ाद विहार का दौरा किया। जहां लोगों से जल भराव की समस्या पर अधिकारियों के सामने ही बात की। विधायक विनोद चमोली ने बताया कि बंजारावाला में एडीबी की ओर से सीवर और पेयजल लाइन के काम चल रहे हैं। विभाग को तेजी के साथ काम करने को कहा है। वहीं जल भराव से निपटने के लिए ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने को कहा गया है। इस अवसर पर पार्षद दर्शनलाल बिंजोला, विजय भट्ट, भुवनेश कुकरेती, संजय राठौर, वीरेन्द्र पोखरियाल,वीना गोदियाल, मधुबाला डंगवाल, पीएन डिमरी, लक्ष्मी पंवार,हेमा परिहार,अनुज रावत, अजय पैनुली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

### सरकार से की गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने की मांग

देहरादून। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन ने गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने की सरकार से मांग की। पेंशनर्स को दोबारा योजना में शामिल करने को विकल्प देने की मंजूरी का आदेश जारी करने की स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से मांग की। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पर ज्ञापन देते हुए संगठन प्रतिनिधिमंडल ने गोल्डन कार्ड योजना की विसंगतियां गिनाईं। प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र सिंह कृषाली ने कहा कि योजना की विसंगतियों का पेंशनर्स को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जिन पेंशनर्स ने योजना में शामिल होने का विकल्प नहीं दिया, उन्हें जल्द विकल्प भरने का समय दिया जाए। गोल्डन कार्ड में ओपीडी और जांच की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएं।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# देहरादून : डीएम ने जारी किए आदेश, स्कूल में बच्चों को फुल पैंट और पूरी आस्तीन की शर्ट पहनना होगा अनिवार्य





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 11 जुलाई : जिले में डेंगू के बढ़ते मामलों के देखते हुए डीएम ने स्कूली बच्चों के लिए पूरी आस्तीन की शर्ट और फुल पैंट अनिवार्य कर दिया है।

उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। कहा, प्रार्थना सभाओं में प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के उपाय बताए जाएं। देहरादून में अभी तक डेंगू के कुल 22 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से रोजाना मरीज मिल रहे हैं। ऐसे में जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। डीएम सोनिका ने नगर निगम को डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए प्रभावी तौर पर साफ-सफाई और फॉगिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। आशा, आंगनबाड़ी, नगर निगम की संयुक्त टीम बनाकर डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश जारी किए।कार्यदायी संस्थाओं से कहा गया, निर्माणाधीन स्थलों पर पानी न ठहरे, इसके प्रभावी उपाय करें। बाल विकास, पंचायती राज और अन्य संबंधित विभागों को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय जैन ने कहा, बरसात का मौसम शुरू हो गया है। मच्छरों के चलते डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतने और जागरूक रहने को कहा गया है।

डेंगू-चिकनगुनिया से ऐसे करें बचाव- कूलर, फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमलों का पानी सप्ताह में दो बार साफ करें।- सभी पानी की टंकियां और पानी जमा करने वाली वस्तुओं को ढक कर रखें।- घर में रखे गमलों के नीचे ट्रे , न लगाएं और गमलों में पानी भरा न रहने दें।- टूटे पुराने बर्तन, बोतल, डिब्बे बेकार टायर आदि इधर-उधर न फेंकें।- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, मच्छरों को मारने वाली मशीन का प्रयोग करें।- चिड़िया और जानवरों के पानी पीने के बर्तनों को रोजाना साफ करें।जिले में डेंगू के 13 सक्रिय मरीज हैं। इनमें नौ का अस्पतालों और चार का घर पर इलाज चल रहा है। अन्य मरीज ठीक हो चुके हैं। अजबपुर कलां, जीएमएस रोड, भोगपुर, भंडारीबाग, पथरीबाग, सिंघल मंडी, पटेल नगर में पिछले साल डेंगू के अधिक मरीज मिले थे। इसलिए, इन इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। यहां एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है।

# उत्तराखंड : यहां मिलेंगे सस्ते टमाटर, लगेंगे चार काउंटर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उत्तराखंड 11 जुलाई : यह मंडी में चार दुकानों पर सस्ते टमाटर के काउंटर लगाए जाएंगे। चार घंटे के लिए लगने वाले इन काउंटरों पर 50 से 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से एक व्यक्ति को दे किलो टमाटर दिया जाएगा। निरंजनपुर सब्जी मंडी से सस्ते टमाटर मिलेगा। वहीं, ऋषिकेश और रुड़की में भी मंडी में काउंटर लगाकर सस्ता टमाटर उपलब्ध कराया जाएगा।टमाटर के बढ़ते दाम के संबंध में कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव विजय थपलियाल ने बीते दिन थोक विक्रेताओं और क्षेत्रीय कार्मिकों के साथ बैठक की।

उन्होंने टमाटर की आवक और मूल्यों की समीक्षा करते हुए आठ जुलाई को लगने वाले चार काउंटर पर टमाटर के दाम 50 से 70 रुपये प्रति किलो तय किए। वहीं, मंडी निरीक्षक अजय डबराल ने बताया, लोग काउंटर पर सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक टमाटर खरीद सकते हैं। टमाटर के दाम उसकी गुणवत्ता पर तय किए गए हैं।उत्तराखंड कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक आशीष भटगईं ने बताया, टमाटर के बढ़ते रेट को देखते हुए प्रदेशभर की सभी मंडी समितियों को अपने स्तर पर अलग से काउंटर लगाकर सस्ते दर पर टमाटर बेचने को कहा गया है। सुविधानुसार, मंडी समितियां अपने यहां मंडी परिसर में काउंटर लगाकर ग्राहकों को टमाटर उपलब्ध करा सकती हैं।

# चमोली : भारी बारिश के चलते चमोली में 2 दिन बंद रहेंगे कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





चमोली 11 जुलाई : उत्तराखंड के कई जिलों में मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिसके चलते चमोली जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना ने जिले के सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 11 और 12 जुलाई को अवकाश घोषित किया है। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी और जिला बाल विकास अधिकारी को समस्त विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आदेश का अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं।

वहीं उत्तरकाशी और देहरादून में एक दिन( 10 जुलाई ) ऊधमसिंह नगर में दो दिन( 10 व 11 जुलाई ), अल्मोड़ा में तीन दिन( 10 से 12 जुलाई ) और नैनीताल में 10 से 13 जुलाई तक चार दिवसीय अवकाश पहले ही घोषित किया जा चुका है। किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के फोन नंबरों 0135-2710335, 2664314, 2664315, 2664316, फैक्स नंबर 0135-2710334, 2664317. टोल फ्री नंबर 1070, 9058441404 एवं 8218887005 पर दी जा सकती है

# उत्तराखंड : अगले तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी, भूस्खलन से प्रदेश में 241 सड़कें बंद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 11 जुलाई : उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में बीते दिन भी कहीं-कहीं भारी बारिश रही है । मौसम विभाग ने 12 जुलाई तक प्रदेशभर के सभी जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश की तेज बौछार के साथ बिजली चमकने और तेज गर्जन की आशंका है। मौसम विभाग ने हिदायत देते हुए बारिश के दौरान पक्के घरों में रहने को कहा है। खुले स्थान पर मवेशियों और वाहनों को रखने से बचने की सलाह दी है। प्रदेश में भारी बारिश पर्वतीय क्षेत्रों की सड़कों पर भारी पड़ रही है। बीते 24 घंटे में ही भूस्खलन और स्लिप आने से 241 सड़कें बंद हुई हैं। इनमें से 160 सड़कें एक दिन पहले से बंद थीं, जबकि 81 सड़कें अगले दिन बंद हुईं। बीते दिन देर शाम तक 70 सड़कों को खोला जा सका था, जबकि 171 सड़कें अवरुद्ध रहीं।प्रदेश में भारी बारिश की सबसे अधिक ग्रामीण सड़कों पर पड़ी है। कई गांव जिला मुख्यालय से कट गए हैं। प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक यादव ने बताया कि बारिश के चलते बाधित हुई सड़कों को सुचारू करने के लिए 166 जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर आदि मशीनों को लगाया गया है। बंद सड़कों में 16 स्टेट हाईवे, सात मुख्य जिला मार्ग, चार अन्य जिला मार्ग, 80 ग्रामीण सड़कें और 64 पीएमजीएसवाई की सड़कें शामिल हैं।







# देहरादून : यमुना का जलस्तर बढ़ने से विकासनगर में टापू पर फंसे 12 लोग, एसडीआरएफ ने सभी को सकुशल बाहर निकाला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 11 जुलाई : यमुना का जलस्तर बढ़ने से विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत डॉक्टरगंज में यमुना नदी के बीच बने टापू पर 12 लोग फंस गए। सूचना मिलने पर कोतवाली विकासनगर और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को सकुशल बाहर निकाला।दूसरी ओर उत्तरकाशी में देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण हर्षिल और बगोरी गांव के बीच में बहने वाली जालंधरी नदी उफान पर आ गई। जिससे हर्षिल-क्यारकुटी ट्रैक को जोड़ने वाला पुल बह गया। वहीं यमुना नदी का रुख यमुना मंदिर परिसर की ओर बढ़ने से पुरोहित समाज चिंतित हैं। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक रेड अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# ये है दुनिया के वो आलीशान हवाई अड्डे जिनके सामने फीके है 5 स्टार होटल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : आज हम आपको कुछ ऐसे एयरपोर्ट के बारे में बताने जा रहें है. जो दिखने में काफी आलीशान है. ये किसी भी पांच स्टार होटल को आराम से सुंदरता में मात दे दें. तो चलिए जानते है विश्व के सबसे अद्भुत हवाई अड्डों के बारे में ये हवाई अड्डे किसी आलीशान महल से कम नही लगते है बता दें कि हवाई अड्डों द्वारा प्लेन में बैठकर हम एक जगह से दूसरी जगह की दूरी कम समय में ही तय कर लेते है. ये हवाई अड्डे किसी आलीशान महल से कम नही लगते है और उनमें वो हर सुविधा मौजूद है जो किसी लग्जरी होटल में मिलती है जैसे कि रेस्टोरेंट, क्लब, बार, मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि ,

सिंगापुर चांगी हवाई अड्डा इस लिस्ट में पहला है. इस एयरपोर्ट से दुनिया में 200 जगहों तक प्लेन द्वारा जाया जा सकता है. इस बेहतरीन एयरपोर्ट का डिजाइन काफी अलग ओर काफी आकर्षक है. इसमें बाहर बना गार्डन इसकी खूबसूरती पर चार-चांद लगता है. ये हवाई अड्डा दुनियाभर के एयरपोर्ट से ज्यादा आलीशान है. इस एयरपोर्ट में शूटिंग की भी सुविधा है. यहां पर आप पार्टी भी कर सकते है. ये ही नहीं आपको यहां पर निम्न प्रकार की लग्जीरियस सुविधाएं उपलब्ध होंगी.इस सूची में अगला जो नाम है वो है इंचन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का जो दक्षिणी कोरिया में है. ये सबसे बड़ा और व्यस्त एयरपोर्ट है.



ये ही नहीं इस एयरपोर्ट को इसकी खूबसूरत डिजाइन और लग्जरी के लिए 'एयरपोर्ट ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड भी प्राप्त हुआ है.यह दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत एयरपोर्ट है. जर्मनी के इस अद्भुत हवाई अड्डे के अंदर 200 से अधिक जगहों से खाना-पानी, शॉपिंग समेत कई चीजें होती है. इस लिस्ट में अगला नाम शामिल है टोक्यो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का. ये हवाई अड्डा दिखने में बेहद लाजवाब है. इस एयरपोर्ट से 60 मिलियन से ज्यादा लोग यात्रा करते है. इसमें काफी चीजें है जैसे रेस्टोरेंट और क्लब आदि.

# परिसीमन विवाद को लेकर डीएम से मिले जन प्रतिनिधि

चमोली। दशोली विकासखंड के भीती, बेडुला व भौरा गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि 2018 से पूर्व ग्राम भांती, बेडुला व भौरा ग्राम समा पुरसाड़ी विकास खण्ड दशोली में शामिल थे। कहा 2018 में हुए नगर पंचायत नन्दप्रयाग के चुनाव में प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम भांती, बुडुला व भौरा को पुरसाड़ी के साथ नगर पंचायत पुरसाडी में शामिल किया गया है। ग्रामवासियों का नाम नगरपंचायत नन्दप्रयाग की वोटर लिस्ट में रखकर नगरपंचायत नन्दप्रयाग में मतदान करवाया गया। कहा कि चुनाव के बाद से ही भांती, बेडुला व भौरा के ग्रामवासी नगरपंचायत नन्दप्रयाग से गांव में निर्माण कार्य, शौचालय निर्माण, मकान का निर्माण सडक व नाली निर्माण, विद्युत व्यवस्था हेतु लगातार मांग कर रहे हैं परन्तु नगर पंचायत नन्दप्रयाग द्वारा मात्र आश्वासन भर दिया जाता है किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया है। अब कहा जा रहा है कि ग्राम भांती, बुडुला व भौरा नगर पंचायत नन्दप्रयाग के अधीन नहीं है जबकि चुनाव में यहां के निवासियों ने नगर पंचायत नन्दप्रयाग हेतु ही मतदान दिया था। कहा कि अब पता चला है कि ग्राम भांती, बेडुला व भौरा को चार किलोमीटर दूर की ग्राम सभा धारकोट में शामिल किया गया है। जबकि वहां के प्रधान का कहना है कि जब इन गांव वालों ने प्रधान के चुनाव में ग्राम सभा में मतदान नहीं किया तो उन्हें ग्राम पंचायत धारकोट से कोई सुविधा नहीं मिल सकती हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान धारकोट लोकेश तोपाल, विनोद तिवारी, पितांबर तिवारी, देवेंद्र सिंह, मदन सिंह, दीपेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रमेश पोखरियाल, मुकेश सेमवाल आदि मौजूद थे। उधर, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि इसमें विधिक राय ली जाएगी। भांती, बेडुला को अलग ग्रामसभा बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजेंगे। इसमें दोनों गांव एनओसी देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पौधरोपण कर उठाएंगे पुरानी पेंशन बहाली की मांग

पौड़ी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा पुरानी पेंशन बहाली के लिए 12 जुलाई को एक पौधा पुरानी पेंशन बहाली हेतु अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत मोर्चा से जुड़े हुए सभी कर्मचारी एक-एक पौधा लगाते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने बताया कि मोर्चा पिछले लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठा रहा है। लेकिन सरकार उनकी जायज मांग पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि नई पेंशन योजना लागू होने के बाद से कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है। नई पेंशन योजना कर्मचारियों के साथ धोखा है। नई पेंशन योजना से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 500 से लेकर 1 हजार तक पेंशन मिल रही है। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए 12 जुलाई को सभी कर्मचारी एक पौधा पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तहत एक-एक पौधा लगाते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करेंगे।

### पौड़ी में सत्यापन को लेकर गुरिल्लों का प्रदर्शन

पौड़ी। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के बैनर तले पौड़ी में गुरिल्ला संगठन एकजुट हुआ। पदाधिकारियों ने कहा कि गुरिल्लों द्वारा लंबे समय से उनका समायोजन करने की मांग उठाई जा रही है। लेकिन सरकार द्वारा लगातार उनकी उपेक्षा की जा रही है। कहा कि सरकार शीघ्र ही सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का सत्यापन करना भी शुरू करे। जिससे कि गुरिल्लों को उनके अधिकार मिल सकें। बैठक में उन्होंने सभी गुरिल्लों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इसके बाद गुरिल्लाओं ने रैली निकालते हुए डीएम कार्यालय में डीएम के माध्यम से प्रदेश के सीएम, देश के गृहमंत्री, देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि सरकार देश की सीमाओं से आंतकियों के घुसने की बात तो करती है लेकिन इसे रोकने के लिए कोई उपाय नहीं कर रही है। कहा कि गुरिल्ला सीमा सुरक्षा प्रणाली ही इस घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। उन्होंने ज्ञापन भेजते हुए गुरिल्लों की समस्याओं का समाधान करने , सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का सत्यापन करने , सीएम द्वारा जारी शासनादेशों व समय समय पर लिए गये निर्णयों पर कार्यवाई की मांग उठाई। इस दौरान गुरिल्लाओं को 11जुलाई को श्रीनगर, 12 जुलाई को घनसाली,13 जुलाई को न्यू टिहरी में गुरिल्ला रथयात्रा के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मान सिंह, कुंदन सिंह, रवींद्र पटवाल, संतलाल, एपी सुंदरियाल मधुरमा रावत, सावित्री रावत, गुड्डी, शकुंतला, लक्ष्मी आदि शामिल थे।

### पीजी कॉलेज थलीसैंण में प्रवेश शुरू

पौड़ी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में सोमवार से समर्थ पोर्टल के जरिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रवेश के समय विभिन्न विषयों की जानकारी भी छात्र-छात्राओं को दी गई। सोमवार को बीए व बीएससी प्रथम सेमेस्टर के लिए कॉलेज प्राचार्य डॉ रेनू रानी बंसल के निर्देशन में वरियता क्रम के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई। प्रवेश लेने आए छात्र-छात्राओं को माइनर इलेक्टिव और वोकेशनल विषयों के बारे में भी बताया गया। बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश संयोजक डॉ विकास प्रताप सिंह, सदस्य डॉ मीनू बुटोला, डॉ गिरीश चन्द्र आर्य और बीएससी के संयोजक डॉ छाया सिंह, सदस्य डॉ दुदुन मेहता, डॉ विक्रम रौतेला, डॉ विनोद कुमार ने नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश संबंधी प्रक्रिया के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। प्रवेश को लेकर सभी आवश्यक दस्तावेज के बारे में भी बताया गया।

### कर्णप्रयाग में व्यापारी बोले बाजार में हों सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

चमोली। नगर उद्योग व्यापार मंडल ने सभी बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की मांग उठाई है। व्यापारियों का कहना है कि आए दिन नशेड़ियों और अन्य असामाजिक तत्वों से बाजार में व्यापारियों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। व्यापार संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मिंगवाल ने कहा कि नगर के बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। ताकि आए दिन होने वाले विवाद की घटनाओं की रोकथाम हो सके। मिंगवाल ने कहा कि बाजार में नशेड़ियों और अन्य असामाजिक तत्वों के आने से विवाद की घटनाएं बढ़ रही है। बता दें कि बीते तीन जुलाई को बदरीनाथ हाईवे पर कुछ स्थानीय युवाओं से वाहनों की हल्की टक्कर के बाद से एक गोपेश्वर का युवक लापता हो गया था। जिसका सुराग अभी तक नहीं लगा। हालांकि युवक के लापता होने के मामले में पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर खोजबीन कर रही है। लेकिन बाजार में शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए व्यापारियों ने सुरक्षा के कदम उठाए जाने की मांग की है। व्यापारियों ने नियमित गश्त, सीसीटीवी कैमरों को चाक चौबंध सहित अन्य मांगें उठाई हैं। वहीं लापता युवक के मामले में पुलिस थानाध्यक्ष बृजमोहन राणा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# मानसून आते ही बढ़ जाता है वायरल का खतरा, इन टिप्स की मदद रखें खुद को सेहतमंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : लगातार भारी बारिश के साथ ही मानसून का सीजन शुरू हो चुका है। बरसात के आते ही लोगों को आखिरकार गर्मी से कुछ राहत मिल गई है। अब रंगीन छतरियों, वॉटरप्रूफ बैग और रेनकोट को अलमारी से बाहर लाने का समय आ गया है। मानसून का सीजन अपने साथ जहां खुशनुमा और सुहाना मौसम लेकर आता है, वहीं इस मौसम में कई सारे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। इस दौरान सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल बुखार, एलर्जी, डायरिया और मलेरिया ऐसी समस्याएं आम हैं।



इस मौसम में अक्सर हमारी इम्युनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून में खुद को सेहतमंद रखने और संक्रमण से बचे रहने के लिए कुछ जरूरी उपाय किए जाएं। अगर आप भी इस मौसम खुद को और अपने परिवार को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो इन टिप्स की मदद ले सकते हैं। इस मौसम में सेहतमंद रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, खुद को वायरस से बचाना। ऐसे में कोशिश करें कि आप साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके लिए अपने हाथों को साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक धोएं। खासकर शौचालय का उपयोग करने के बाद, खाने से पहले और किसी बीमार व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद। अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति बीमार है या किसी में सर्दी या फ्लू के लक्षण नजर आ रहे हैं, तो कोशिश करें कि आप ऐसे में व्यक्ति से दूरी बनाए रखें। अगर उनके पास जाना जरूरी है कि अपनी सुरक्षा का खास ख्याल रखें और अपने हाथ सामान्य से अधिक बार धोएं।

मानसून में फ्लू और निमोनिया जैसे आम वायरल संक्रमणों से बचने के लिए टीके लगवा सकते हैं। टीका लगवाने से आपको संक्रमण से बचने में मदद मिल सकती है। खुद को संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी इम्युनिटी मजबूत करें। ऐसे में अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन करें। हेल्दी फूड खाने से शरीर को संक्रमण से लड़ने के लिए आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए इस दौरान अपनी डाइट में भरपूर मात्रा में फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें।

सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त और अच्छी नींद भी बेहद जरूरी है। अच्छी नींद से हमारा शरीर संक्रमण से लड़ने में बेहतर तरीके से काम करता है। इसलिए कोशिश करें कि आप रोजाना 7-8 घंटे की नींद की जरूर लें। कामकाज के बढ़ते बोझ की वजह से इन दिनों कई लोग अक्सर तनाव का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में तनाव की वजह से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है, जिसकी वजह से हम संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। इसलिए तनाव को मैनेज करने के लिए व्यायाम, योग या ध्यान जैसे स्वस्थ तरीके अपना सकते हैं।

स्वस्थ रहने के लिए हाइड्रेटेड रहना भी बेहद जरूरी है। खासतौर पर मानसून के मौसम के दौरान जब गर्मी और उमस होती है। ऐसे में हाइड्रेट रहने के लिए खूब सारे तरल पदार्थ जैसे पानी, जूस आदि पीते रहें। रुका हुआ पानी मच्छरों के पनपने के लिए अच्छी जगह साबित हो सकती है। इस तरह के पानी में डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनप सकते हैं। ऐसे में बरसात के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि घर में या घर के आसपास पानी जमा न होने दें।

संक्रमण फैलने वाले कई तरह के वायरस से दूर रहने के लिए साफ-सफाई बेहद जरूरी है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि बारिश के दौरान अपने घर पर साफ रखें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि घर में सही वेंटिलेशन की व्यवस्था हो और घर में कोई फंगस या काई आदि भी नहीं जमने दें।

# उत्तराखंड : लगातार हो रही बारिश से काशीपुर में दो मकान ध्वस्त, पति पत्नी की मलबे में दबकर मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 11 जुलाई : उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर के मिस्सरवाला गांव में बारिश से तड़के दो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान घर में सो रहे दंपति की मलबे की नीचे दबने से मौत हो गई, जबकि बच्ची घायल हो गई। राहत और बचाव टीम ने मलबे में दबे शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मिस्सरवाला गांव में बारिश से तड़के दो मकान क्षतिग्रस्त होने से नसीर अहमद शाह (65) और उनकी पत्नी मोहम्मदी (60) की दबकर मौत हो गई। जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शांतिपुरी नंबर दो में मंदिर की दीवार गिरने से फील्ड के पास लगा हुआ ओपन जिम पूरा क्षतिग्रस्त हो गया।मौसम विभाग ने 12 जुलाई तक प्रदेशभर के सभी जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 12 जुलाई तक मैदानी और पर्वतीय इलाकों के कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दूसरी तरफ उत्तरकाशी गंगोत्री हाईवे के बंदरकोट के समीप खुलने और बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। बीते दिन जनपद में हुई बारिश के कारण बंदरकोट में मलबा और बोल्डर आने के कारण बंद हो गया, जिसे बीआरओ की मशीनरी ने आधे घंटे में खोल दिया था। कुछ देर आवाजाही सुचारू होने के बाद देर शाम हाईवे एक बार फिर बोल्डर और मलबा आने के कारण बंद हो गया। विकासनगर के पछवा दून में भारी बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया है। जौनसार बावर में कई मोटर मार्ग मलबा आने के से त्यूणी के एक स्कूल में भारी मलबा घुस गया।





## संक्षिप्त खबरें

### बारिश में किसान का मकान गिरा

रुडक़ी। क्षेत्र में दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते गी-सईदपुर गांव में ग्रामीण का पुराना मकान गिर गया। उस समय घर में कोई नहीं था। प्रशासन की टीम मौके पर भेजी गई। गीसईदपुर गांव में भोपाल का पुराना पक्का मकान है। सोमवार को अचानक मकान गिर गया लेकिन उस समय घर में कोई था। घर में दो दुपहिया वाहन खड़े थे। मकान गिरने की जानकारी भोपाल को मिली। वह घर पहुंचे तो बाइकें मकान के मलबे में दबी थी। जिसे अन्य ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। मकान स्वामी भोपाल ने बताया कि कुछ समय पहले ही वह मकान से बाहर निकले थे। घर में रहने पर बड़ा हादसा हो सकता था। भगवानपुर तहसीलदार दयाराम ने बताया कि मामले में लेखपाल को भेजकर जांच कराई जा रही है।

### अवैध खनन कर रहे पांच वाहन किए सीज

रुडक़ी। पुलिस को रायसी के आसपास गंगा नदी में अवैध खनन किए जाने की शिकायत मिली। इस पर कोतवाल अमरजीत सिंह ने दरोगा प्रवीण बिष्ट, सिपाही सुरजीत और मदन के साथ छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर और खनन की सामग्री लादकर खड़ी की गई तीन ट्रॉलियां पकडक़र सीज कर दी। पुलिस ने तहसील प्रशासन को इनकी रिपोर्ट भेजी है।

### अवैध खनन कर रहे पांच वाहन किए सीज

रुडक़ी। पुलिस को रायसी के आसपास गंगा नदी में अवैध खनन किए जाने की शिकायत मिली। इस पर कोतवाल अमरजीत सिंह ने दरोगा प्रवीण बिष्ट, सिपाही सुरजीत और मदन के साथ छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर और खनन की सामग्री लादकर खड़ी की गई तीन ट्रॉलियां पकडक़र सीज कर दी। पुलिस ने तहसील प्रशासन को इनकी रिपोर्ट भेजी है।

### किसानों के नलकूप से उपकरण चोरी

रुडक़ी। थाना क्षेत्र के गांव डेलना में रविवार रात किसानों के नलकूपों से चोरों ने नलकूपों के उपकरण और वहां पर रखे अन्य सामान चोरी कर लिए। गांव डेलना निवासी किसान संजय ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार रात गांव के करीब छह किसानों के नलकूपों से किन्ही अज्ञात ने चोरी की है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र राठी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### समिति के विस्तारीकरण पर दिया जोर

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत माणिकनाथ मेला समिति डागर की बैठक आहुत की गई। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष कमल सिंह नेगी ने समिति के विस्तारीकरण पर जोर दिया। मेला समिति के संचालक व डागर पट्टी संघर्ष समिति के संयोजक गौरव राणा ने कहा कि मेला समिति और डागर पट्टी संघर्ष समिति संयुक्त रूप से क्षेत्र हितों और सामाजिक विकास के लिए हमेशा कार्य करेगी। कहा इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मौके पर बैठक में कमल सिंह जाख़ी, भूपेंद्र सिंह भंडारी, राजवीर सिंह, गंभीर सिंह, कोषाध्यक्ष पंचम सिंह, समिति के प्रचार मंत्री राजेंद्र भंडारी, बलदेव सिंह नेगी, उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय नेत्र रोग शिविर हुआ शुरू, मरीजों की उमड़ी भीड़

पौड़ी। द हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल चमोलीसैंण में सोमवार से 15 जुलाई तक आयोजित पांच दिवसीय नेत्र रोग क्लीनिक के पहले दिन सोमवार को मरीजों की भीड़ उमड़ी । नेत्र रोग क्लीनिक के पहले दिन मरीजों ने आंखों की विभिन्न बीमारियों में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों का परामर्श लिया।

# अजब-गजब : अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ 1 दिन नहाती हैं यहां की लड़कियां





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : भारत ही नहीं दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां के अनोखे रिवाज चर्चा की विषय बने रहते हैं. कइयों पर तो भरोसा करना भी मुश्किल होता है. ऐसे ही कई परंपरा निभाई जाती है अफ्रीका की हिम्बा जनजातियों के बीच. जहां, लोग मेहमानों के साथ बीवी को सुलाते है और यहां लड़कियां सिर्फ एक ही दिन नहाती हैं वो भी अपनी शादी के रोज. आइये जानते हैं क्या है इसका कारण और क्या है हिंबा जनजाति अन्य परंपराए , हिंबा जनजाति की लड़कियों के केवल एक ही दिन नहाने की परंपरा है वो भी शादी के दिन. ऐसा वहां पानी की कमी के कारण किया जाता है. हालांकि, सारी उमर न नहाने के बाद भी उनकी महिलाओं के शरीर से बदबू नहीं आती. इसके लिए वो एक खास किस्म का पेस्ट का उपयोग करती हैं जो तेल में एक खनिज की धूल मिलाकर तैयार किया जाता है.

यहां महिलाएं जिस लेप का उपयोग करती हैं वो सिर्फ गंध मिटना के लिए ही नहीं बल्की कई और काम आता है. ये खास लेप इन मिलाओं को धूप से बचाने के साथ ही कीट पतंगों से त्वचा की रक्षा करता है. इससे महिलाओं के चेहरे पर निखार आता है जिससे इनका रंग हल्का दिखाई देता है. हिंबा जनजाति महिलाएं जड़ी बूटियों का धुआं अपने शरीर में लगाती हैं. यहां के लोग मेहमानों की आवभगत के लिए अपनी बीवी के साथ सुलाने की छूट देते हैं. इस दौरान घर का पुरुष या तो दूसरे कमरे में सोता है या फिर घर के बाहर. हिंबा जनजाति में पुरुषों और महिलाओं को अन्य लोगों के साथ एक से अधिक संबंध बनाने की आजादी है.

## संपादकीय



### दिल्ली पानी-पानी

गली-गली पानी, घुटनों तक पानी ! ठहर गई दिल्ली, सडक़ों पर पानी ! दरिया जितना पानी-पानी, बाढ़ बनता पानी-पानी ! ये काव्यात्मक वाक्यांश देश की राजधानी दिल्ली की दुर्दशा और अव्यवस्था बयां करने को काफी हैं। गनीमत है कि दिल्ली और आसपास के इलाके पहाड़ी नहीं हैं। यदि पहाड़ी होते, तो एक ही बारिश त्रासद साबित हो सकती थी ! दिल्ली में बीते 24 घंटे में करीब 155 मिमी बारिश हुई और 41 साल पुराना रिकॉर्ड याद आ गया। इससे ज्यादा बारिश 1982 की जुलाई में हुई थी। बहरहाल इस बार की बारिश से करीब 60 इलाकों में जलभराव हो गया। औसतन हर तरफ घुटनों तक पानी बरसा और जमा हो गया। मंत्रियों, सांसदों, आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के वीआईपी आवासीय क्षेत्रों और घरों के भीतर तक, सभी दिशाओं में, पानी-पानी हो गया। पानी के साथ कूड़ा-कर्कट भी चला आया और छोटे-छोटे सरीसृप वर्ग के जीव भी दिखाई दिए। आज मंगलवार को आशंका है कि यमुना नदी में जल-स्तर खतरे के निशान से ऊपर तक बढ़ जाएगा, क्योंकि हथिनी कुंड बैराज से करीब 71,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खतरे को भांपते हुए यमुना के आसपास के इलाकों में बसे 37,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। लोक निर्माण एवं शिक्षा मंत्री आतिशी के चुनाव-क्षेत्र श्रीनिवास पुरी में एक स्कूल की दीवार गिर गई। शुक्र है कि स्कूल में बच्चे नहीं थे। यदि स्कूल चल रहा होता, तो बड़ी त्रासद घटना हो सकती थी ! इस स्कूल का उद्घाटन महज 4 माह पहले ही किया गया था। स्कूल पर 16 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। राजधानी में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पेड़ भी टूट कर गिर पड़े। गनीमत है कि पहाड़ों जैसा भू-स्खलन, सडक़ों का टूटना, बादल फटना और प्रलय-सा पानी का बहाव दिल्ली में नहीं होता और न ही ऐसी स्थितियां बन पाईं, लेकिन 6 लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल भी हुए। इसका एकमात्र कारण है-व्यवस्था की नालायकी।विभिन्न दिल्ली सरकारों के दौरान टाउन प्लानिंग के विशेषज्ञों ने दस्तावेजी प्रारूप बनाकर दिए थे, लेकिन विडंबना है कि देश की राजधानी में भी अराजकता के ढोल बजते रहे हैं। चौतरफा विकास और सडक़-निर्माण के बावजूद ड्रेनेज सिस्टम और बारिश-नियंत्रण आदि नाकाम हैं। बेशक राजधानी दिल्ली में भारत सरकार और संसद भी हैं, लेकिन बरसाती नालों को साफ कराना, लोक निर्माण के स्थानीय कार्यों, ड्रेनेज, शहरी स्मार्टनेस की कोशिशें आदि जिम्मेदारियां दिल्ली नगर निगम और अद्र्धराज्य की केजरीवाल सरकार की हैं। इन कामों के लिए संसद और केंद्र सरकार पर्याप्त बजट आवंटित करती हैं। अब नगर निगम में भी आम आदमी पार्टी ( आप ) की सत्ता है और महापौर भी 'आप' का ही है।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून ( उत्तराखंड ), भारत

# अजब-गजब : एक ऐसी घाटी जहां इंसान चला जाए, तो वह इस दुनिया में लौट नहीं पाता







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : इस धरती पर कई ऐसे रहस्य मौजूद हैं, जिनकी गुत्थी आज तक कोई नहीं सुलझा पाया. ऐसे रहस्य साइंस के लिए भी बड़ी चुनौती बने हुए हैं. दुनिया के ऐसे ही कमाल के रोचक तथ्य हैं, जिनके बारे में जानकर आपके होश उड़ जाएंगे. यह तथ्य आपके होश उड़ाने के साथ ही आपका नॉलेज भी बढ़ाते हैं. आज हम आपको 'अजब-गजब' की इस सीरीज में एक ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं. आइए जानते हैं...

आज हम आपको एक रहस्यमयी घाटी है के बारे में बता रहे हैं. कहते हैं कि इस घाटी को आज तक कोई भी नहीं ढूंढ पाया है. अब आप कहेंगे कि जब कोई नहीं ढूंढ पाया तो हमें इसके बारे में कैसे पता है. दरअसल, एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घाटी अरुणाचल प्रदेश और तिब्बत के बीच में कहीं पर मौजूद हैं. इस जगह को 'शांगरी-ला घाटी' कहा जाता है. इसकी गिनती वायुमंडल के चौथे आयाम यानी समय से प्रभावित जगहों में होती है.

इस घाटी को बरमूडा ट्राएंगल की तरह ही दुनिया की सबसे रहस्यपूर्ण जगह माना जाता है. बरमूडा ट्राएंगल नार्थ अटलांटिक महासागर का वो हिस्सा है, जहां से गुजरने वाले पानी के जहाज और हवाई जहाज गायब हो जाते हैं. वहीं, 'शांगरी-ला घाटी' के लिए कहा जाता है कि इसका सीधा संबंध दूसरे दुनिया से है. असमिया साहित्यकार अरुण शर्मा की किताब 'तिब्बत की वह रहस्यमय घाटी' में इसका जिक्र मिलता है. लेखक के मुताबिक एक लामा ने उन्हें बताया कि शांगरी-ला घाटी में काल का प्रभाव नगण्य है.

वहीं, इस घाटी का जिक्र तिब्बती भाषा में लिखी किताब 'काल विज्ञान' में मिलता है. तिब्बती विद्वान युत्सुंग का कहना है कि वह खुद इस रहस्यमय घाटी में जा चुके हैं. उनके मुताबिक वहां न तो सूर्य का प्रकाश था और न ही चंद्रमा, लेकिन फिर भी चारों तरफ एक रहस्यमय प्रकाश फैला रहता है. इस घाटी को धरती का आध्यात्मिक नियंत्रण केंद्र भी कहा जाता है. वहीं, इसे सिद्धाश्रम भी कहते हैं, जिसका जिक्र हिंदू धर्म ग्रंथों महाभारत से लेकर वाल्मीकि रामायण और वेदों में भी हुआ है. जानकारी के मुताबिक चीनी फौज ने भी इस रहस्यमयी घाटी को बहुत खोजने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली. कई रिपोर्ट्स बताती हैं कि दुनियाभर में जितने भी 'शांगरी-ला घाटी' के राज से पर्दा उठाने की कोशिश की, उसका पता दोबारा नहीं लगा.

# जनसहभागिता से मनेगा हरेला पर्व : डीएम डीएम मयूर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता और टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की मौजूदगी में हरेला पर्व मनाने को लेकर जनपद के समस्त विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक किशोर ने कहा कि इस बार हरेला पर्व पर संदेश देते हुए 5100 पौधों का रोपण नगर क्षेत्र में कर इन पौधों को जीवित रखने का संकल्प भी लिया जाय। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली का आयोजन भी वृहत रूप से किया जाय। बैठक में डीएम ने सभी विभागों को हरेला पर्व सहित पूरे वर्षाकाल में पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारण करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा कि हरेला पर्व को जनसहभागिता के साथ मनाया जाय। उपयोगिता व पर्यावरण अनुकूल पौधों व फलदार पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाय। लक्ष्य में संख्या से ज्यादा इस बात पर फोकस किया जाय कि किस तरह से पौधों को जीवित रखकर उनके जीवन को आगे बढ़ाया जाय। डीएम ने हरेला पर्व पर 5100 पौधों को रोपण करने के लिए विभागों को स्थान चयनित करने के निर्देश दिए, सम्बंधित विभागों को रोपण के लिए पौध उपलब्ध कराने को कहा। सड़कों के किनारे पौधों का रोपण ट्रीगार्ड के साथ करने को कहा। सीडीओ मनीष कुमार ने हरेला पर्व के अवसर पर हर घर पेड़ कार्यक्रम के के तहत पौधे रोपित किये जाने को विभागवार लक्ष्य निर्धारित किया। जनपद के सभी 75 न्याय पंचायतों में 10 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य रखते हुए प्रत्येक घर पर कम से कम 1 पौध रोपण करने पर जोर दिया गया। वन विभाग को 4 लाख, तहसील को 30 हजार, ब्लाकों को 90 हजार, शिक्षा विभाग को एक लाख, प्रत्येक नगरपालिका को 5 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया। बैठक में सीएमओ डा मनु जैन, सीईओ एलएम चमोला, सीएओ अभिलाषा, सीवीओ आशुतोष, एआरटीओ चक्रपाणि, डीपीआरओ एमएम खान, आबकारी अधिकारी कैलाश बिंजोल सहित दर्जनों मौजूद रहे।

# बारिश के चलते रात 8बजे से सुबह 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग। अब हाईवे के साथ ही संपर्क मार्गों पर भी रात आठ बजे से सुबह पांच बजे तक सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। बरसात को देखते हुए पहाड़ी से पत्थर गिरने और भू-स्खलन की संभावना को देते हुए शासन के निर्देशों पर प्रशासन ने आदेश जारी किया है। आवश्यक सेवाओं के साथ ही सैन्य वाहनों के लिए प्रतिबंध में छूट रहेगी। शासन के निर्देशों के अनुपालन में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए रात में वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि बरसात में हाईवे व अन्य संपर्क मार्गों पर गिरते पत्थर, भूस्खलन व भूधंसाव जोन के सक्रिय होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा रात आठ बजे के बाद आवश्यक सेवाओं के अलावा अन्य सभी तरह के वाहन संचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश में सुरक्षा को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य सम्पर्क मार्गों पर किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। आपातकालीन व सैन्य वाहनों की आवाजाही सुचारू रहेगी

# रिडिंग रूम में अनियमितताओं को लेकर जताया आक्रोश

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर एवं चौरास परिसर स्थित पुस्तकालय में रीडिंग रूम की अनियमितताओं को लेकर एनएसयूआई छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने गहरा आक्रोश जताया है। इस संदर्भ में पुस्तकायल के अधिकारियों से मिलकर कार्यकर्ताओं ने छात्रों को रीडिंग रूम में सुविधाएं प्रदान किए जाने की मांग की। एनएसयूआई छात्र संगठन के सूरज नेगी के नेतृत्व में पुस्तकालय के अधिकारियों से मिले छात्रों ने कहा रीडिंग रूम में छात्रों को हरी समस्याओं के समाधान की मांग की। इस संदर्भ में उन्होंने पुस्तकालय अध्यक्ष को ज्ञापन भी दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि मंगलवार 11 जुलाई से गढ़वाल विवि में सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने के चलते परीक्षा की तैयारियों को लेकर छात्र रिडिंग रूम में पढने आ रहे हैं, लेकिन रीडिंग रूम और शौचालय में न तो सफाई है और ना ही रिडिंग रूम के एसी काम कर रहे हैं। जिससे छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से समस्याओं का निवारण करने की मांग की। इस मौके पर आकाश रतूड़ी, मयंक बहुगुणा, रोहित, सौरभ, शिवम चौहान, सुमित, वीरेन नेगी आदि शामिल रहे।

## जेई परीक्षा जल्द कराने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की कनिष्ठ अभियंता की रिक्त पदों पर विज्ञप्ति जारी न होने पर अभ्यार्थियों में गहरा रोष व्याप्त है। अभ्यार्थियों ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता के विभिन्न विभागों में विज्ञापित पदों के सापेक्ष मई 2022 में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम अगस्त 2022 में घोषित किया गया था। लेकिन परीक्षा में धांधली होने के चलते भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया गया। अपने बलबूते परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थियों को इसका नुकसान झेलना पड़ा। अभ्यार्थियों ने कहा कि एई परीक्षा को भी निरस्त कर उसकी अगली परीक्षा की तिथि अगस्त 2023 में निर्धारित की गई है। जबकि जेई की परीक्षा तिथि जल्द निर्धारित करने को कहा गया था, लेकिन अभी तक उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से परीक्षा तिथि घोषित नहीं की गई है। जिससे अभ्यार्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने जल्द से जेई की परीक्षा तिथि घोषित किए जाने की मांग की

## जोशी ने कांग्रेस मीडिया प्रभारी पद से इस्तीफा

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के पूर्व सह-सचिव प्रदीप जोशी ने कांग्रेस कीर्तिनगर ब्लॉक के मीडिया प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता को भी छोड़ दिया है। प्रदीप जोशी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने उनकी बहन ममता बहुगुणा के प्रकरण में कोई साथ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कांग्रेस पदाधिकारियों से कई बार इस प्रकरण को प्रदेश स्तर पर उठाने को लेकर अपील की गई। लेकिन इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

## जेई परीक्षा जल्द कराने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की कनिष्ठ अभियंता की रिक्त पदों पर विज्ञप्ति जारी न होने पर अभ्यार्थियों में गहरा रोष व्याप्त है। अभ्यार्थियों ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता के विभिन्न विभागों में विज्ञापित पदों के सापेक्ष मई 2022 में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम अगस्त 2022 में घोषित किया गया था। लेकिन परीक्षा में धांधली होने के चलते भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया गया। अपने बलबूते परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थियों को इसका नुकसान झेलना पड़ा। अभ्यार्थियों ने कहा कि एई परीक्षा को भी निरस्त कर उसकी अगली परीक्षा की तिथि अगस्त 2023 में निर्धारित की गई है।

## बीएड के स्पेशल बैक पेपर करवाने की मांग

नई टिहरी। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अरुणोदय सिंह नेगी ने श्रीदेव सुमन विवि कुलपति बादशाहीथौल को ज्ञापन भेजकर बीएड अंतिम वर्ष के छात्रों के हित में स्पेशल बैक पेपर करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीएड कोर्स के अंतिम वर्ष सत्र 2020-2022 की मुख्य परीक्षा बीते फरवरी माह में संपन्न हो गई थी। परीक्षा का परिणाम छह मई को घोषित कर दिया गया था। परीक्षा में कई छात्र अनुर्तीण हुये हैं, और कई अनुपस्थित भी रहे हैं, लेकिन विवि प्रशासन की ओर अनुर्तीण छात्रों के हित में अभी तक स्पेशल बैक पेपर करवाने की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। उन्होंने विवि कुलपति से छात्र हित में जल्द बीएड बैक पेपर की परीक्षा करवाने की मांग की है।

## सडक़ों के निर्माण को लेकर लोनिवि दफ्तर में गरजे ग्रामीण

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक की नैलचामी पट्टी के ग्रामीणों ने क्षेत्र में सडक़ों के निर्माण को लेकर लोनिवि घुमेटीधार में ढोल दमाऊं के साथ प्रदर्शन धरना दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने करीब 4 घंटे तक विभागीय कार्यालय के बाहर धरना देते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद ईई के लिखित आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना स्थगित किया। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के लोगों ने घनसाली बाजार से लोनिवि कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। घुमेटीधार स्थिति विभागीय कार्यालय पहुंचे नाराज ग्रामीण लोनिवि व ईई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। मल्याकोट के प्रधान यशवंत गुसाईं ने कहा कि बीते कई वर्षों से क्षेत्रवासी भेलगडी-पांडव गांव, टुंगरी-कुली, चौरा-भटवाड़ी, थौलधार-मयाली, डांगी-मलड सहित आधा दर्जन मोटरमार्गों के नवनिर्माण की मांग करते आ रहे है।

## पालिका सभासद ने दी हड़ताल पर बैठने की चेतावनी

नई टिहरी। पालिका के वार्ड नंबर सात के सदस्य सतीश चमोली ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पत्र लिखकर एम ब्लाक आवासीय कालोनी की मरम्मत व मोलधार ने नगर पालिका तक जाने वाली सडक के सुधारीकरण की मांग की मांग करते हुए इस पर कार्य न होने पर हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। सभासद चमोली ने पालिका ईओ को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि नगर की एम ब्लाक आवासीय कालोनी बदहाल स्थिति से गुजर रही है। नगर पालिका कर्मचारियों से हर माह कालोनी की मरम्मत के लिए शुल्क लिया जाता है। लेकिन आज तक कालोनी में मरम्मत काम नहीं हुआ है। इसी तरह से मोलधार से नगर पालिका कार्यालय तक जाने वाली सडक की स्थिति निरंतर बदहाल बनी हुई है। जिससे दुर्घटनाओं की प्रबल संभावनाएं बनी हुई हैं। यह दोनों कार्य यदि पालिका ने पंद्रह दिनों के भीतर शुरू करवाने का काम नहीं किया तो वे नगरपालिका के खिलाफ हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## कांवडिय़े की मौत के मामले में ट्रक चालक पर केस

हरिद्वार। रुडक़ी-हरिद्वार रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से कांवडिए की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता गणेश सिंह भंडारी ने शिकायत में बताया कि उसका भांजा मजरुब गोलू (24) वर्ष पुत्र वीर सिंह निवासी सुल्तानपुरी नई दिल्ली अपने साथियों के साथ पांच जून को हरिद्वार कांवड़ लेने आया था। कांवड़ लेकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह एक भंडारे में रुका था। सडक़ पार करते समय रुडक़ी की ओर से आए ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 के माध्यम से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अनिल चौहान ने बताया कि गणेश सिंह भंडारी निवासी सुलतानपुरी न्यू दिल्ली की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हाईवे पर ऑटो-विक्रम और ई रिक्शा पर रोक

हरिद्वार। डाक कांवड़ उमडने के साथ ही अब हाईवे पर ऑटो रिक्शा, विक्रम और ई-रिक्शा नहीं दौड़ सकेंगे। कांवड़ मेला समाप्ति तक हाईवे पर यही व्यवस्था लागू रहेगी, हालांकि पुलिस महकमे ने उत्तरी हरिद्वार की तरफ आने जाने के लिए शटल सेवा का इंतजाम जगह-जगह किया है, जिससे की आमजन को दिक्कत न होने पाए। कांवड़ मेले में अब डाक कांवड़ की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार से हाईवे पर डाक कांवडिये ही नजर आएंगे। हरिद्वार के अलावा नीलकंठ से लेकर गोमुख तक से कांवडिए वापस लौटते हैं, ऐसे में पूरे हाईवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ऑटो रिक्शा, विक्रम भी जाम की वजह बनते हैं। डाक कांवड़ की संख्या में बढोतरी होने के साथ ही हाईवे पर अब ऑटो रिक्शा, विक्रम और ई-रिक्शा प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। शहर के अंदर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा शिवमूर्ति चौक तक ही उपलब्ध है, उनकी वापसी तुलसी चौक से हो रही है। चंडीघाट चौक से ऑटो रिक्शा, विक्रम अब हाईवे की तरफ नहीं भेजे जा रहे है, ऐसे ही शंकराचार्य चौक से आगे जाने की भी इजाजत नहीं है। उत्तरी हरिद्वार से आ रहे ऑटो रिक्शा, विक्रम केवल सर्वानंद घाट चौक तक ही आ-जा रहे हैं। ऐसे में अब यदि किसी को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्थाई ऋषिकुल बस स्टैंड से उत्तरी हरिद्वार की तरफ जाना है तो उन्हें शटल सेवा से भेजा जा रहा है। ठीक इसी तरह उत्तरी हरिद्वार से भी वापसी शटल सेवा से ही होगी। यातायात निरीक्षक विकास पुंडीर ने बताया कि हाईवे पर डाक कांवड़ के दौरान ऑटो रिक्शा, विक्रम और ई रिक्शा बंद रहेंगे।

## गुरुकुल कांगड़ी विवि में बीजे हिंदी पत्रकारिता का पाठ्यक्रम शुरू

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के हिंदी विभाग में इस वर्ष से बीजे हिंदी पत्रकारिता का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। बीजे हिंदी पत्रकारिता में एडमिशन के लिए छात्र 25 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रों की काउंसलिंग 28 जुलाई को कराई जाएगी। गुरुकुल कांगड़ी विवि में इस समय कई पाठ्यक्रमों में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। इस वर्ष से ही विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अंतर्गत बीजे हिंदी पत्रकारिता का पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजीत तोमर ने बताया कि यूजीसी के पत्रकारिता के नए नॉमिनी क्लेचर के अनुरूप बीजे हिंदी पत्रकारिता का पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है। बीजे पाठ्यक्रम में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ पहली बार न्यू मीडिया को भी एक स्वतंत्र प्रश्नपत्र के रूप में शामिल किया गया है। जिसमें सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया और मोबाइल पत्रकारिता को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में एक पेशेवर छात्रों को तैयार करना है। डॉ. अजीत तोमर ने बताया कि खास बात यह भी होगी कि एक वर्षीय बीजे पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले छात्र एमजे पाठ्यक्रम में सीधे तौर पर एडमिशन ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि बीजे हिंदी पत्रकारिता में बीए, बीकॉम, बीएससी स्नातक उत्तीर्ण छात्र एडमिशन ले सकते हैं। एडमिशन के लिए छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर 25 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## वाहनों की टक्कर में कांवडिय़ा घायल

हरिद्वार। बहादराबाद बोंगला बाईपास पर वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में एक कांवडिया गंभीर रूप से घायल हो गया। ड्यूटी पर मौजूद कांस्टेबल कुश कुमार ने कांवडिए की गंभीर हालत को देखते हुए गोद में उठा कर एक कांवडिये की मदद से उसे नजदीक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसके पैर की हड्डी टूटी बताई गई। थाना प्रभारी अनिल चौहान ने बताया कि बोंगला बाईपास पर दिल्ली निवासी सुनील कुमार दो वाहनों की टक्कर में घायल हो गया था।

## लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हुई तो धरना

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी परमानंद बलोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर प्रदेश में 15 अगस्त तक लोकायुक्त की नियुक्ति करने की मांग की है। ऐसा ने करने पर 17 सितंबर से देहरादून में अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है। पत्र में बलोदी और सुमन बडोनी ने कहा कि उत्तराखंड लोकायुक्त विधेयक अधिनियम 2014 में लागू हुआ था। जिसे राज्य में 180 दिन में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना था। लेकिन अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी 2021 को देहरादून में 17 दिन का आमरण अनशन करने के साथ ही 57 दिन धरने पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि अगर 15 अगस्त तक उत्तराखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हुई तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से मुख्यमंत्री आवास में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

## सोमवार को शिवालयों में किया जलाभिषेक

रुडक़ी। श्रावण महीने के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक कर भोले का आशीर्वाद लिया। इसके बाद शिवरात्रि पर जलाभिषेक किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के अगले दिन से श्रावण मास की कांवड़ यात्रा शुरू होती है। इस बार यात्रा चार जुलाई से शुरू हुई। श्रावण मास के पहले सोमवार को स्थानीय श्रद्धालुओं सहित कांवडियों ने भी शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर भोले की आराधना की। चौदह जुलाई को शाम साढ़े आठ बजे से शिवरात्रि पर जलाभिषेक शुरू होगा। श्रावण के सोमवार और श्रावण शिवरात्रि पर जलाभिषेक का विशेष महत्व बताया गया है।

## पंचक समाप्त होते ही हाईवे पर बढ़ा कांवडिय़ों का दबाव

रुडक़ी। पंचक समाप्त होने के बाद हाईवे पर कांवडियों का दबाव बढ़ गया है। डीजे लगी कांवड़ों पर बज रहे भोले के गीतों से कस्बे का माहौल शिवमय हो गया। कांवड़ देखने के लिए देहात क्षेत्र से लोगों की भीड़ हाईवे पर जुटने लगी है। डीजे लगी कांवड़ों पर चल रहे भोला पार्वती नृत्य की वीडियो बनाकर लोग दोस्तों, रिश्तेदारों को शेयर कर रहे हैं।